Rapid Fire करेंट अफेयर्स (5 February)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-05-02-2018

- आपदा जोखिम प्रबंधन पर **इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन (IORA)** की बैठक नई दिल्ली में हुई। इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसमें 22 सदस्य तथा 9 संवाद साझीदार शामिल हैं। इसमें से कई ऐसे देश शामिल हैं, जहां प्रायः आपदा की स्थिति उत्पन्न होती रहती है। आपदा जोखिम प्रबंधन इस संगठन के प्राथमिक क्षेत्रों में शामिल है और इसकी कार्य योजना (2017-2021) का उद्देश्य IORA देशों में आपदा प्रबंधन में सुधार लाना है।
- नई दिल्ली में 4 फरवरी को **भारत-मोनाको बिज़नेस फोरम** का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग तथा सिविल एविएशन मंत्री सुरेश प्रभु ने भी हिस्सा लिया। गौरतलब है कि दुनिया की सर्वोच्च प्रति व्यक्ति आय वाले देशों में से एक मोनाको की मुक्त बाज़ार अर्थव्यवस्था उसके उद्योग और सेवा क्षेत्रों से संचालित है, जो भारत के लिये बेहद अनुकूल है। भारत और मोनाको के बीच 2017-18 में द्विपक्षीय व्यापार 3.01 मिलियन डॉलर रहा और भारत में FDI (अप्रैल 2000 से जून 2018 तक) के मामले में मोनाको का 106वाँ स्थान है।
- पहले से स्थापित संयुक्त कोयला कार्य समूह के साथ-साथ अनुसंधान संस्थानों और दोनों देशों के बीच कुछ अन्य क्षेत्रों को शामिल कर अध्ययन के ज़रिये कोयला खनन और स्वच्छ कोयला टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में संबंधों को बढ़ाने के लिये **भारत और पोलैंड** के बीच एक समझौता हुआ। इसमें कोयला क्षेत्र में व्यापार और निवेश को बढ़ाने तथा कोयले से जुड़े ऊर्जा संबंधी मुद्दों को शामिल किया गया है। इसमें खासतौर से स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकियों की समझ बढ़ाने और नीतियों, कार्यक्रमों तथा प्रौद्योगिकी के बारे में सूचना के आदान-प्रदान को बढ़ावा देकर कोयला अन्वेषण और दोहन, अनुसंधान और विकास, तकनीकी सहयोग और क्षमता निर्माण पर ज़ोर दिया जाएगा।
- यूरोपीय संघ के 19 सदस्य देशों ने अमेरिका समर्थित वेनेज़ुएला की नेशनल असेंबली के स्पीकर जुआन गुइडो को **वेनेज़ुएला के अंतरिम राष्ट्रपति** के रूप में मान्यता दी है। इसके अलावा 14 सदस्यों वाले लीमा समूह के 11 देशों- अर्जेंटीना, ब्राज़ील, कनाडा, चिली, कोलंबिया, कोस्टा रिका, ग्वाटेमाला, होंडुरास, पनामा, पैराग्वे और पेरू ने भी सत्ता परिवर्तन का समर्थन किया है। यह कदम वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को नए सिरे से राष्ट्रपति चुनाव कराने के 8 दिन के अल्टीमेटम को अमल में लाने में विफल रहने पर उठाया गया है।
- ब्रिटेन ने भारतीय कारोबारी **विजय माल्या के प्रत्यर्पण** को मंज़ूरी दे दी है। लगभग दो महीने पहले लंदन की एक निचली अदालत ने विजय माल्या के प्रत्यर्पण को मंज़ूरी दी थी। इसके बाद ब्रिटेन के गृह मंत्री को इस पर फैसला लेना था और वहाँ के गृह मंत्री साजिद जाविद ने प्रत्यर्पण को मंज़ूरी दे दी है। विजय माल्या ने इसके खिलाफ कोर्ट ऑफ अपील (हाई कोर्ट के समकक्ष) में जाने की बात कही है। अगर वहाँ अपील खारिज हुई तो सुप्रीम कोर्ट में जाने का विकल्प भी है। गौरतलब है कि विजय माल्या पर भारत में धोखाधड़ी की साज़िश करने, गलतबयानी करने और मनीलॉन्ड्रिंग के मामलों में मुकदमे चल रहे हैं।

- ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में **12वें क्षेत्रीय मानक सम्मेलन** का आयोजन किया गया। BIS कानून 2016 भारत में मानकों के विकास और अंतरण की रूपरेखा निर्धारित करता है। BIS की महानिदेशक सुरीना राजन ने भी इस सम्मेलन में हिस्सा लिया। इसका आयोजन भारतीय उद्योग महासंघ ने ओडिशा सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), नेशनल एक्रीडीटेशन बोर्ड ऑफ सर्टिफिकेशन बॉडीज़, निर्यात निरीक्षण परिषद, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अनुसंधान केंद्र के सहयोग से किया था।
- हाल ही में बंगलुरु में भारतीय विज्ञान संस्थान में जे.एन. टाटा ऑडिटोरियम में 15वें **'जापान हब्बा'** कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय परिधानों में सजी जापानी महिलाओं ने हिस्सा लिया और भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुत किया। 'जापान हब्बा' कार्यक्रम भारत और जापान के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और भारत में जापानी संस्कृति के उत्सव का कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य देश के लोगों को जापान में रोज़गार और शिक्षा के अवसरों से परिचित कराते हुए जापानी संस्कृति के बारे में जानकारी देना था।